हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, गुरुवार, 11 सितंबर 2025







# नागपुर सेंट्रल जेल में फिर हिंसा

## पुणे का कुख्यात अपराधी प्रवीण महाजन मारपीट में शामिल

**नागपुर.**

नागपुर की सेंट्रल जेल एक बार फिर हिंसक झड़प का गवाह बनी, जहां कैदियों के बीच हुई मारपीट में पुणे का कुख्यात अपराधी प्रवीण श्रीनिवास महाजन शामिल रहा। यह घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है, जब जेल में बंद कैदी रोजमर्रा की तरह नल पर पानी भरने के लिए कतार में थे।

जानकारी के अनुसार, पानी भरने को लेकर यशपाल चव्हाण और ताजाबाद निवासी तौसीफ इब्राहिम के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में तब्दील हो गई। उसी दौरान प्रवीण महाजन मौके पर पहुंचा और उसने तौसीफ पर लात-



घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। मारपीट के साथ ही प्रवीण ने तौसीफ को जान से मारने की धमकी भी दी। इस अप्रत्याशित घटना से जेल परिसर में हड़कंप मच गया। जेल अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और धंतोली पुलिस को सूचित किया गया। जेल प्रशासन की शिकायत पर धंतोली थाने में प्रवीण महाजन के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया गया है। गौरतलब है कि बीते एक सप्ताह में नागपुर जेल में यह दूसरी बड़ी मारपीट की घटना है। आरोपी प्रवीण महाजन का आपराधिक इतिहास पहले से ही काफी लंबा रहा है। वर्ष 2021 में उसने पुणे में एक पुलिस सिपाही की हत्या कर दी थी। सुरक्षा कारणों से उसे येरवडा जेल से नागपुर सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन यहां आने के बाद भी वह लगातार जेल के भीतर हिंसक गतिविधियों में शामिल हो रहा है। जेल प्रशासन अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए, सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करने की दिशा में कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। वहीं, लगातार हो रही घटनाओं ने जेल की आंतरिक सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिये हैं।

# ठगों ने पुलिसकर्मी बनकर उड़ाई ढाई लाख की चेन


**नागपुर.** शहर में ठगों ने पुलिस कर्मी बनकर एक वृद्ध को निशाना बनाया और ढ़ाई लाख रुपए की सोने की चेन लेकर फरार हो गए। गिट्टीखदान थाने में मामला दर्ज किया गया है। गोधनी मार्ग निवासी 71 वर्षीय वेणुगोपाल पदमनाथ कैमल मंगलवार दोपहर गिट्टीखदान के गोकुलधाम सोसायटी के पास खड़े थे। इसी दौरान उनके पास दो व्यक्ति पहुंचे। उन्होंने खुद को नारकोटिक्स विभाग का अधिकारी बताते हुए वेणुगोपाल पर ड्रग्स रखने का आरोप लगाया और जांच करने का झांसा दिया। दोनों ने वेणुगोपाल से रूमाल मांगा और उसे सूंघने का नाटक किया। इसके बाद उन्होंने रुपए, मोबाइल और गले की सोने की चेन निकालकर रूमाल में रखने को कहा।

# शहर में 'ऑपरेशन शक्ति' की बड़ी कार्रवाई

## ओयो होटल में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**नागपुर.**

अपराध शाखा की सामाजिक सुरक्षा विभाग की टीम ने ऑपरेशन शक्ति के तहत यशोधरा नगर थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह छापा मंगलवार शाम कामठी रोड, भिलगांव स्थित एम.आर. ओयो होटल पर मारा गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने होटल संचालक मनीष पाल सुदर्शन राजपूत (49), उसकी पत्नी सीमा रानी (50) और एक 17 वर्षीय विधि संघर्ष बालक को गिरफ्तार किया है। वहीं, एक महिला को रेस्क्यू कराया गया है। इस पूरे मामले का मुख्य दलाल सोनू उर्फ सैयद अली फरार है और उसकी तलाश जारी है। गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बोगस ग्राहक भेजकर एक महिला का सौदा 2,000 रुपये में तय किया। जैसे ही सौदा पक्का हुआ, पुलिस ने मौके पर छापा मारकर आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 4 मोबाइल फोन (कुल कीमत



1,45,000), एक डीवीआर (2,000), नकद राशि 1,500, कुल 1,51,285 का माल जब्त किया। पुलिस ने बताया कि रेस्क्यू की गई 37 वर्षीय महिला पहले मुंबई के डांस बार में काम कर चुकी है। आर्थिक तंगी के कारण वह नागपुर के गंगा-जमुना इलाके में अपनी मौसी के पास रहने लगी और बाद में इस धंधे में शामिल हो गई। गिरफ्तार आरोपियों और रेस्क्यू महिला की मेडिकल जांच कराई गई है। जब्त माल समेत यह मामला यशोधरा नगर पुलिस को आगे की जांच के लिए सौंपा गया है।

# उत्साह के साथ मनाई गई मराठा सेवा संघ की वर्षगांठ

**नागपुर.**

मराठा सेवा संघ, सहकारिता प्रकोष्ठ और अन्य सहकारी संगठनों को संयुक्त रूप से जिजाऊ रथ यात्रा की तरह नागपुर से सिंदखेड राजा तक संविधान संरक्षण रथ यात्रा निकालनी चाहिए । सरकारी नौकरियों के निजीकरण के साथ, युवाओं को नए व्यवसायों में प्रवेश करना चाहिए और नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी प्रदाता के रूप में अपनी पहचान बनानी चाहिए, यह बात डॉ. संजय शेंडे ने एम.एस. संघ की वर्षगांठ के अवसर पर कही। मुख्य अतिथि ज्ञानेश्वर रक्षक ने कहा कि सावित्रीबाई की तरह, महिलाओं को पहले अपने घरों से अंधविश्वास को दूर करना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष मधुकरराव मेहकरे ने कहा कि मराठा सेवा संघ का अगला कार्यक्रम छात्रों




और युवाओं तक समाजोपयोगी सरकारी योजनाओं को पहुँचाना होगा। इस अवसर पर मराठा सेवा संघ के गठन की एक क्लिप दिखाई गई।एम. एस. मंच पर संघ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वैद्य, ओबीसी कार्यकर्ता राम काले, अनिस के जगजीत सिंह, सुनीता जिचकर स्वाति शेंडे, प्रताप पटले मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर दिवंगत किसान नेता अमिताभ पावड़े को श्रद्धांजलि दी गई और म.स. संघ में योगदान देने वाले पुराने और जाने-माने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। साथ ही, शिवमती सोनाली बुंदे और स्मितल राउत को जिजाऊ ब्रिगेड में नव नियुक्त किया गया। इस अवसर पर तनिष्का समूह ने महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए घरेलू सामान और नाश्ते की बिक्री के स्टॉल लगाए। दिलीप खोडके, श्याम डहाके, पंकज निंबालकर, अभय वैद्य, अजय यावलकर, अनूप मुरतकर, प्रशांत कालबांडे, शैलेंद्र देशमुख आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के प्रयास किए। कार्यक्रम का संचालन सीमा टलाटुले ने किया, परिचय बालनाथ मानकर ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन श्याम डहाके ने किया।

# क्राइम ब्रांच, अजनी पुलिस का संयुक्त कॉम्बिंग ऑपरेशन

## अपराधियों पर कार्रवाई

**नागपुर.**

कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए क्राइम ब्रांच और अजनी पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ा कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। यह कार्रवाई 9 सितंबर की रात 8 बजे से लेकर 10 सितंबर की तड़के 1 बजे तक रामेश्वरी और राहाटे नगर टोली परिसर में की गई। ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने अवैध दारू विक्रेताओं, शस्त्र और नशीले पदार्थ रखने वालों, जुआरियों, संशयित व्यक्तियों तथा हद्दपार अपराधियों पर धड़क कार्रवाई की। इसके साथ ही पुलिस थाने के रिकॉर्ड में दर्ज आरोपियों, फरार आरोपी, सराईत घरफोड़ियाँ के आरोपी, वाहन चोरी करने वाले और शरीर विरुद्ध अपराध करने वाले अपराधियों की छानबीन की गई ।




इस दौरान दारूबंदी अंतर्गत 2 मामले दर्ज कर 2 आरोपियों पर कार्रवाई की गई। कलम 122 महाराष्ट्र पुलिस अंतर्गत 1 आरोपी पर अपराध दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान कुल 27 गुनहगारों की उनके घर जाकर जांच की गई। यह कॉम्बिंग ऑपरेशन अपर पुलिस आयुक्त (गुन्हे) वसंत परदेशी, उप पुलिस आयुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर और सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में किया गया। इसमें अपराध शाखा और अजनी थाने के 20 अधिकारी व 50 कर्मचारी शामिल रहे।

# ऑनलाइन गेमिंग की लत ने ली इंजीनियरिंग छात्र की जान

**नागपुर.**

ऑनलाइन गेम की लत ने एक और युवा जीवन छीन लिया। हिंगोली जिले के रहने वाले तेजस काळबांडे (20), जो यशवंतराव चव्हाण अभियांत्रिकी महाविद्यालय (वाईसीसीई) के तृतीय वर्ष के छात्र थे, ने मंगलवार दोपहर वसतिगृह में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तेजस कंप्यूटर इंजीनियरिंग शाखा का छात्र था। पिछले कुछ दिनों से वह गहरे अवसाद में था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को कक्षा समाप्त होने के बाद वह करीब दोपहर 1 बजे वानाडोंगरी स्थित विवेकानंद जी-5 वसतिगृह पहुंचा। उसके साथ रहने वाले दो मित्र अन्य शाखा में पढ़ते थे और वे दोनों आगे की कक्षा के लिए महाविद्यालय चले गए। इसी बीच तेजस ने कमरे में खुदकुशी कर ली। करीब शाम 4 बजे जब उसके मित्र लौटे तो दरवाजा भीतर से बंद



मिला।

आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने से उन्होंने सुरक्षा रक्षक को बुलाया। दरवाजा तोड़ा गया तो तेजस फांसी पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही एमआईडीसी पुलिस मौके पर पहुंची और मोबाइल फोन जब्त किया। प्रारंभिक जांच में तेजस द्वारा भेजे गए कुछ संदेश और इंटरनेट पर खोजे गए लिंक मिले, जिनमें उसने अवसाद से बाहर निकलने के उपाय सर्च किये थे। उसके सहपाठियों ने पुलिस को बताया कि तेजस को पब्जी और फ्री फायर जैसे ऑनलाइन गेम्स की गहरी लत लग गई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झगड़े में युवक पर ईंट से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** शराब पीकर लौट रहे मजदूर युवक पर उसके ही साथी ने ईंट से हमला कर सिर फोड़ डाला। घायल युवक को उपचार के लिए मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, घायल युवक का नाम रोहित रमेश कापसे (32), निवासी नाईक तालाब है, जबकि आरोपी भूवन कांचन यादव (35), निवासी खैराजपुरा, छत्तीसगढ़ है। दोनों भट्टी से शराब पीकर लौट रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति ने रोहित से कहा कि कोई उसे आवाज दे रहा है। इसी बीच, अचानक आरोपी भूवन ने बेवजह ईंट उठाकर रोहित के सिर पर वार कर दिया। हमले में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को मेयो अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही लकड़गंज पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी भूवन को गिरफ्तार कर लिया।

# हिंगना में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार

## > 14.59 लाख का माल जब्त

**नागपुर.**

हिंगना पुलिस ने मंगलवार रात जामठा परिसर के वैनगंगा ले-आउट में छापा मारकर जुआ खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 14 लाख 59 हजार 200 रुपए का माल जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, 9 सितंबर की रात करीब 8.40 से 9.35 बजे के बीच हिंगणा पुलिस को पक्की सूचना मिली थी कि एक खाली पड़ी इमारत की खुली खोली में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। मौके पर छापा मारते हुए पुलिस ने आकाश राजू बोरघरे (48, बुटीबोरी), कौशिक संजय सावंत (24, मनीष



नगर), प्रशांत गोपालराव वाठ (35, साई नगर) और निलेश किशोर कोचे (35, रामटेके नगर) को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने उनके पास से 24,100 रुपए नकद, दो दुपहिया, दो चारपहिया वाहन, एक ऑटो, पंखा, ताश के पत्ते समेत अन्य साहित्य जब्त किया। दो आरोपी मौके से फरार हो गए। सभी के खिलाफ महाराष्ट्र जुगार प्रतिबंधक अधिनियम की धारा 4 व 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई डीसीपी सिंगा रेड्डी ऋषीकेश रेड्डी और एसीपी सतीशकुमार गुरव के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर जितेंद्र बोबडे, सब-इंस्पेक्टर संतोष राठोड़ और टीम ने की।

# झगड़ा छुड़ाने गई महिला पर युवक का हमला

**नागपुर.**

धंतोली थाना परिसर में एक महिला से मारपीट और आपत्तिजनक बर्ताव की वारदात सामने आई है। आरोपी युवक को पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। मंगलवार को धंतोली क्षेत्र में 25 वर्षीय विशाल कोहले अपनी मां से विवाद कर रहा था। यह देख पास की एक महिला बीच-बचाव करने पहुंची और विशाल को समझाने लगी। इसी दौरान गुस्से में आए विशाल ने महिला को गालियां दीं, उसकी पिटाई कर दी और आपत्तिजनक बर्ताव कर महिला की लज्जा भंग की। घटना की शिकायत दर्ज होने पर धंतोली पुलिस ने आरोपी विशाल कोहले के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्वाई शुरू कर दी है।

# पाटणकर चौक में एटीएम फोड़कर 8.12 लाख की लूट

## जरीपटका पुलिस के हाथ लगा कुख्यात टोली का सरगना

**नागपुर.**

गणेशोत्सव के बंदोबस्त में पुलिस व्यस्त होने का फायदा उठाते हुए पाटणकर चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को गैस कटर से फोड़कर 8 लाख 12 हजार रुपये उड़ाने वाले गिरोह का पर्दाफाश जरिपटका पुलिस ने कर दिया है। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश निवासी कुख्यात अपराधी खुर्शीद अहमद निसार अहमद (55) को यशोधरा नगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि खुर्शीद ने अपने चार रिश्तेदारों की मदद से 4 सितंबर की तड़के एटीएम मशीन फोड़कर नकदी लूटी थी। गिरोह के पास गैस कटर से एटीएम काटने की पूरी तरकीब थी। पकड़े जाने पर खुर्शीद ने अपराध स्वीकार करते हुए चोरी की रकम में से 17,400 रुपये



पुलिस को सौंपे।

नोटों के नंबर मिलाने पर यह रकम एटीएम से चोरी हुई रकम का हिस्सा होने की पुष्टि हुई। खुर्शीद पर पहले से ही मुंबई और ठाणे क्षेत्र में डकैती, लूट और जबरन चोरी जैसे 25 से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। वह पिछले कुछ सालों से नागपुर में रह रहा था और अपराध से कमाए पैसों से यशोधरा नगर में भूखंड भी खरीदा था। इस प्रकरण की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज और इलाके के मोबाइल नंबरों की जांच की। तकनीकी जांच के आधार पर ही पुलिस ने खुर्शीद को दबोचा। पुलिस को शक है कि यह गिरोह देश के अन्य हिस्सों में भी एटीएम फोड़ने की वारदातों में शामिल रहा है। इस दिशा में आगे की जांच की जा रही है।

# पार्किंग विवाद में दो परिवारों के बीच मारपीट

## दंपति सहित तीन जख्मी

**नागपुर.**

कार पार्किंग को लेकर अपार्टमेंट में बड़ा बवाल हो गया। दो परिवारों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया, जिसमें दंपति सहित तीन लोग घायल हो गए। एमआईडीसी पुलिस ने दोनों गुटों के एक दर्जन से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, अपार्टमेंट में रहने वाले एक दंपति के बेटे ने नई कार खरीदी थी। घर में पार्किंग की जगह न होने से उसने वाहन को दंपति की निर्धारित पार्किंग में खड़ा किया था। 6 सितंबर को कार का पिछला हिस्सा चपका हुआ दिखाई दिया। इस पर अपार्टमेंट निवासी मनीष भारद्वाज ने दंपति के पति से कहा कि उनकी कार से नुकसान हुआ है और भरपाई करने का आश्वासन दिया। लेकिन बाद में फोन करने पर मनीष ने जवाब देना बंद कर दिया।

इसके बाद मनीष ने दंपति के बेटे को बुलाने के लिए फोन किया। बेटे के न आने पर मनीष अपने 6-7 साथियों के साथ सीधे दंपति के फ्लैट पर पहुंच गया और गालियां देते हुए हंगामा करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंची महिला की पिटाई कर उसके कपड़े फाड़ दिए गए। हमले में महिला और उसके पति घायल हो गए। इसी दौरान दंपति के परिजनों ने भी पलटवार करते हुए मनीष को चोट पहुंचाई। मारपीट की इस वारदात के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर एमआईडीसी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और दोनों गुटों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# रायबा ईमानदार की टीम नागपुर मेट्रो समाचार में!





## > बीसीएन न्यूज़ कार्यालय में दिया विशेष इंटरव्यू

**नागपुर.**

आगामी मराठी फ़िल्म 'रायबा ईमानदार' की टीम आज मेट्रो समाचार – बीसीएन न्यूज़ कार्यालय पहुंची और आगामी फ़िल्म को लेकर विशेष बातचीत की। यह फ़िल्म 12 सितम्बर 2025 को पूरे महाराष्ट्र में रिलीज़ होने जा रही है। फ़िल्म की टीम ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि 'रायबा ईमानदार' किसी एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि यह हर आम राजनीतिक कार्यकर्ता का चेहरा है। इस फ़िल्म में दिखाया गया है कि गाँव-गाँव में काम करने वाले साधारण कार्यकर्ता भी कितनी जद्दोजहद से गुज़रते हैं और कैसे जनता के बीच ईमानदारी और संघर्ष से अपनी पहचान बनाते हैं। टीम के अनुसार, यह फ़िल्म दर्शकों के दिल को गहराई से छू लेगी क्योंकि हर व्यक्ति अपनी निजी ज़िंदगी में कहीं न कहीं एक 'रायबा' होता है – जो ईमानदारी, संघर्ष और सच्चाई के रास्ते पर चलता है। इस अवसर पर इन बीसीएन न्यूज़ और नागपुर मेट्रो समाचार के डायरेक्टर इमरान शेख ने फ़िल्म की पूरी टीम का स्वागत व सम्मान (फेसिलिटेशन) किया। फ़िल्म की ओर से मुख्य कलाकार संजय खापरे (लीड आर्टिस्ट), प्रनाली राऊत (लीड एक्ट्रेस), विनोद राऊत (विलेन), सचिन खोड़े (कहानीकार), सईद अख्तर (निर्देशक) और पवन (डीओपी) समेत पूरी टीम मौजूद रही। फ़िल्म निर्माताओं और कलाकारों ने बताया कि फ़िल्म की कहानी केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें इंसानियत, रिश्तों और समाज के बदलते स्वरूप का भी वास्तविक चित्रण किया गया है।

टीम ने नागपुर में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए बीसीएन न्यूज और मेट्रो समाचार का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनेगी।



# एक्टिवा की चाबी: पति ने पत्नी पर किया हमला

**नागपुर.** एक्टिवा की चाबी देने से इनकार करने पर गुस्साए पति ने पत्नी को घूंसा मारकर घायल कर दिया। लकड़गंज पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, घायल महिला का नाम श्रद्धा, निवासी महाल है।



# स्कूली बच्चे वाहनों पर सवार होकर धड़ल्ले से शहर में चला रहे वाहन

## > नियमों की अनदेखी, दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता
## > परेशानी का कर रहे नगरवाशी सामना

**पारशिवनी.**

नाबालिग बच्चों का वाहन चलाना कानूनन प्रतिबंधित है और ऐसा करने पर वाहन मालिक और नाबालिग के अभिभावकों पर भारी जुर्माना और सजा का प्रावधान है.

नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर अभिभावकों को 3 साल तक सजा का प्रावधान होते हुए भी पारशिवनी शहर मैं रोजाना धड़ल्ले से ना बालिक बच्चे बड़ी तेज रफ्तार सै शहर मै वाहन चलाते नजर आ रहे हैं।

जिस से आने वाले दिनों मैं जानलेवा घटना को न्योता दिया जा रहा है। बाजार चौक , छत्रपती शिवाजी महाराज चौराहे,बस स्थानक परिसर,तहसिल मार्ग ,नागपुर पारशिवनी मार्ग,शहर के अन्य मार्गो पर धड़ल्ले सै बिना रोक टोक छोटे बच्चे तेज रफ्तार सै रोजाना वाहन चलाते दिखाई दे रहे हे।

जब की पारशिवनी पोलीस को इस बारे मैं भलीभाती जानकारी होते हुये भी इन ना बालीक वाहन चालकों के खिलाफ कारवाई करने में पारशिवनी पोलीस की और सै कोताही बरती जा रही है।

जहां एक ओर नाबालीक वाहन चालकों के भविष्य के बारे माता पिता ने भी जागरूक रहकर अपने बच्चों को वाहन देने से सख्त मनाई करनी जरुरी है। पर माता पिता हि अपने नाबालीक बच्चों को वाहन देकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

इसलिए यातायात विभाग की और सै गैरकानूनी तरीके से नाबालीक स्कूली बच्चे वाहन चलाते दिखाई देने पर तुरंत उसके खिलाफ कारवाई करते हुए नाबालीक वाहन चालक बच्चे के पिता के खिलाफ कारवाई करने की आवश्यकता आन पड़ी है।जब की परिवहन पुलीस, स्थानिक पुलीस विभाग के अधिकारी इस और अनदेखी कर दुर्घटना को बढ़ावा दे रही है। जब कि नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर, माता-पिता या अभिभावक को मोटर वाहन संशोधन अधिनियम 2019 की धारा-199ए के तहत दोषी माना जाता है.

पर पुलीस प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देने से शहर मैं रोजाना स्कूली बच्चे वाहनों पर सवार होकर बिना रोक ठोक तेज गयी सै वाहन चला रहे हैं। जिस से दुर्घटना होने का हमेशा खतरा बना रहता है।

इसलिए यातायात पुलीस, स्थानिक पुलीस ने शहर मैं नाकाबंदी कर वाहन चलाने वाले नाबालिक बच्चों तथा उनके पिता के खिलाफ कारवाई करने की मांग कि जा रही है।



**-उत्तम वडसकर सामाजिक कार्यकर्ता पारशिवनी**
नाबालीक बच्चों को उनके माता पिता ने वाहन चलाने पर पुरी तरह रोक लगानी चाहिए। गर माता पिता हि नाबालीक बच्चों को वाहन चलाने मैं प्रोत्साहित करते हे तो परिवहन विभाग पुलीस विभाग ने ऐसे पिता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। जिस सै होने वाली दुर्घटना की रोकथाम के जरुरी है



**- गुणेश भक्ते युवा किसान पारशिवनी**
कम उम्र के बच्चों को माता पिता वाहन दिलाकर खुद के साथ बच्चों की जान के साथ खिलवाड़ करते हैं। जब की 18 साल उम्र के निचे बच्चों को वाहन चलाना पुरी तरह प्रतिबंधित होने के बावजुद भी इस और माता पिता अनदेखी करते हैं ।जो गैरजिम्मेदाराना रवैया है। इसलिए १८ साल पुरे होने पर ही अपने बच्चों को परिवहन नियमों के तहत वाहन चलाने की इजाजत देनी चाहिए।



**आशिष धोटे- पालोरा**
पुलिस विभाग द्वारा नाबालिग चालकों के खिलाफ चरित्र सत्यापन अभियान चलाया चाहिए। उनके ड्राइविंग लाइसेंस की जांच करनी जरुरी है। गर कोई नाबालिक बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो ना बालिक के पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर दंडित करना चाहिए।



**- प्रेम भोडेंकर भुत पूर्व सरपंच भागेमाहेरी**
तेज तर्रार गयी से नाबालीक बच्चे वाहनों पर सवार होकर वाहन चला थे है। जिस सै हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नाबालीक स्कूली बच्चे खुद की जान के साथ दुसरो की जान को खतरे मैं डाल रहे है। इसलिए नाबालिग बच्चों के माता पिता ने अपने बच्चों को वाहन ना चलाने के लिए प्रेरीत करना जरुरी है।

# लायंस क्लब की 'निर्माल्य संग्रह' पहल को मिली बड़ी सफलता

**कामठी.**



लायंस क्लब कामठी सेंट्रल ने अपनी 'निर्मल्या संग्रह' पहल को सफलतापूर्वक पूरा किया, जो गणेश विसर्जन के दौरान महादेव घाट, माल रोड कैंटोनमेंट, कामठी में आयोजित की गई थी । यह वार्षिक कार्यक्रम 6 सितंबर को सुबह 7 बजे शुरू हुआ और 19 घंटे तक लगातार चला, देर रात 2 बजे तक जारी रहा। इस दौरान, क्लब के सदस्यों ने 13 ट्रॉली से ज़्यादा निर्मल्या (फूल, माला, आदि) इकट्ठा किया, जिसे बाद में एक गड्ढे में वैज्ञानिक तरीके से डंप कर दिया गया। यह गतिविधि अगले दिन भी जारी रही।

इस कार्यक्रम के दौरान, लायंस क्लब के सदस्यों ने आने वाले भक्तों के लिए शीतल जल की भी व्यवस्था की, जिससे हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिली। क्लब के इस प्रयास को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ भरत भलगट, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ डॉ. अरुण चतुर्वेदी, और अन्य वरिष्ठ सदस्यों जैसे लायन निशिकांत प्रतापे, लायन अवनिकांत वर्मा, लायन विनेश गुजरकर, और लायन धनंजय थुंबारे ने सराहा. यह पहल नगर परिषद कामठी के सहयोग से चलाई गई थी। यह उल्लेखनीय है कि लायंस क्लब कामठी सेंट्रल पिछले 14 सालों से लगातार यह सेवा कर रहा है और इसे 'बेस्ट एक्टिविटी ऑफ़ मल्टीपल 323' का अवॉर्ड भी मिल चुका है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ लायंस जैसे डॉ. राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. अनिल मांगतानी, लायन गोपाल अग्रवाल, लायन सुनील कर्व, और कई अन्य अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने मार्गदर्शन दिया। इस वर्ष के कार्यक्रम का सफल आयोजन प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स लायन आशीष बंजारी, संतोष लखोटिया, ईश्वर चौधरी, बृजेश शुक्ला, राजा जौहर, मोंटू भूटानी, खोजेंद्र माकड़े, और शंकर दत्त के सहयोग से किया गया। अध्यक्ष लायन प्रवीण हांडा, कोषाध्यक्ष प्रमेंद्र वाही, और सचिव अजय श्रीवास्तव ने सुबह से देर रात तक सेवा में सक्रिय योगदान दिया, जबकि लायन अजय अग्रवाल और आशीष बंजारी ने अपनी प्रेरक वाणी से लोगों को जागरूक किया।इस कार्यक्रम में महिला लायन सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा. इनमें लायन सुनंदा कर्वे, लायन कामिनी वाही, लायन आशा खंडेलवाल, लायन अंजलि खोपे, लायन मंजू वाही, लायन जसदीप जौहर, लायन सुषमा ओझा, लायन विजया हांडा, लायन प्रतिमा रतन, और लायन निशि अग्रवाल शामिल थीं. लायन राजा जौहर ने पेय जल की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की।

इस सेवा कार्य में लायंस बिट्टू पवार, पारस अग्रवाल, सुलभ खंडेलवाल, सुनील शर्मा, और आदित्य भाटिया ने भी विशेष सहयोग दिया। क्लब ने खोई हुई वस्तुओं को उनके मालिक तक पहुँचाने और बिछड़े हुए लोगों को मिलाने में भी मदद की। लायंस क्लब की निःस्वार्थ सेवा से प्रभावित होकर, कई भक्तों ने आर्थिक सहयोग भी दिया, जिसके लिए लायंस क्लब ने उनका आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब कामठी ने इस पहल को सफल बनाने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया।

# येरखेड़ा में 20 साल का विकास प्लान 5.44 करोड़ के काम शुरू

**कामठी.**



स्थित येरखेडा नगर पंचायत में नागरी दलितेत्तर योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के राजस्व मंत्री और पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले उपस्थित थे।

उन्होंने गांव के अगले 20 वर्षों के विकास के लिए एक विस्तृत योजना तैयार करने की घोषणा की। इस अवसर पर बोलते हुए पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, "येरखेडा गांव का सर्वांगीण विकास करने के लिए हमने एक दूरदर्शी योजना बनाई है। फिलहाल 5.44 करोड़ रुपये के फंड से विकास कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। भविष्य में भी गांव की प्रगति के लिए हर जरूरी मदद की जाएगी।"

इस योजना में गांव की सड़कों को चौड़ा करना, पानी की आपूर्ति प्रणाली में सुधार, नालों का निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाओं को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना गांववालों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को ध्यान में रखकर लागू की जा रही है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक टेकचंद सावरकर, भाजपा जिला महामंत्री अनिल निधान, रणाला ग्रामपंचायत के सरपंच पंकज विमल नागोराव साबले, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश सचिव आशीष वंजारी, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति देवेंद गवते, येरखेड़ा की पूर्व उपसरपंच मंदा महल्ले, सदस्य राजकिरण बर्वे, राकेश काळे, राजेश पिपरेवार, गजानन तिरपुडे, नरेश मोहबे, प्रशांत काले, ईश्वर चौधरी, उमेश महल्ले, राजेंद्र चवरे, सुशांत काले, राहुल शर्मा, कुणाल गड्डमवार, राजश्री घिवले, शीतल चौधरी, सरिता भोयर, रेणुका गुज्जवार, तुषार ढबाले, आदित्य वर्मा, हर्षल पोटभरे, अंकित वाघ, राकेश खरोले, सोनू सूर्यवंशी, राहुल लाडस्कर, प्रवीण भोंगाड़े और कई अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे। गांववालों ने इस योजना पर संतोष जताया, लेकिन साथ ही कामों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग भी की।

कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रशासक अमर हाडा ने की, जबकि संचालन परियोजना अधिकारी धर्मेंद्र गजभिये ने किया। आभार प्रदर्शन सहायक अधिकारी राहुल घुगे ने किया।

# जनसुरक्षा अधिनियम रद्द करने की मांग पर शिवसेना (उबाठा) का जोरदार प्रदर्शन




**सावनेर.**

केंद्र सरकार द्वारा लागू किए जा रहे जनसुरक्षा अधिनियम को रद्द करने की मांग को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने सावनेर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र राज्य जन सुरक्षा अधिनियम विरोधी संघर्ष समिति के बैनर तले निकाले गए इस आंदोलन का नेतृत्व रामटेक ग्रामीण नागपुर जिला प्रमुख उत्तम कापसे, उपजिला प्रमुख मधुकर दलवी और सावनेर विधानसभा संयोजक विनोद जीवतोड़े ने किया।

कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यह अधिनियम जनविरोधी, संविधान विरोधी है और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन करता है। इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

10 सितंबर 2025 को तालुका और जिला स्तर पर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सावनेर विधानसभा के सैकड़ों शिवसैनिकों ने भाग लिया। गांधी चौक से निकाले गए इस आंदोलन में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर मनोज कुहिटे, जीतू बिंदानी, बालूभाऊ जाचक, गेंदलाल कमाले, रक्षित भौतकर, प्रशांत कामोणे, सतीश नाइक, किशोर तुरकर, वासुदेव झलके, चेतन हेलोंडे, हरिचंद कश्यप, संजय गजरे, वीरू मोवाडे, गणेश तवले, रवींद्र कुथे, अनिल राऊत, बाबाराव गोतमारे, दिवाकर कडू सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। विरोध आंदोलन के माध्यम से शिवसैनिकों ने स्पष्ट किया कि जब तक जनसुरक्षा अधिनियम वापस नहीं लिया जाता, तब तक राज्यभर में विरोध की आवाज बुलंद की जाती रहेगी।

# अमरावती देश का नंबर-1 शहर

## बना हरित और स्वच्छ शहर की मिसाल,

**अमरावती.**



स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में अमरावती शहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर के सभी शहरों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के हस्ते नई दिल्ली में आयोजित समारोह में मनपा आयुक्त सौम्या शर्मा चांडक ने 75 लाख के रुप में पुरस्कार स्वीकारा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित सर्वेक्षण में विभिन्न मानदंडों के आधार पर वायु गुणवत्ता, नागरिक भागीदारी, स्थायी समाधान और प्रशासन की भूमिका का आकलन किया जाता है।

मनपा आयुक्त सौम्या शर्मा चांडक ने कहा कि शहर के लिए गौरव की बात है कि अमरावती ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में देश में प्रथम पुरस्कार जीता है। यह न केवल नगर निगम की, बल्कि अमरावती के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक उपलब्धि है। इस सफलता में स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों, इंजीनियरों, पर्यावरण विशेषज्ञों और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हमारे शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हमने जो विभिन्न पहल की हैं,जैसे धूल नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, हरित क्षेत्रों में वृद्धि और जन जागरूकता अभियान के सकारात्मक परिणाम आज हम सभी के सामने हैं।

**पुरस्कार को बताया प्रेरणादायक :** आयुक्त ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे लिए और भी प्रेरणादायक है, और भविष्य में और अधिक पर्यावरण-अनुकूल नीतियों को लागू करने का संकल्प है। उन्होंने ने अमरावती को देश का एक 'हरित और स्वच्छ शहर' बनाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त कि। आयुक्त ने इस उपलब्धि के लिए अमरावती के प्रत्येक नागरिक, अपने सहयोगियों और सभी हितधारकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# सीडीईटी इंडस्ट्रीज ने छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री वितरित की

**वर्धा.**




सीडीईटी इंडस्ट्रीज, तलेगांव (शामजी पंत) की ओर से जिले के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। इस पहल के तहत मांडला जिला परिषद स्कूल के 31 विद्यार्थी, जलगांव (बेलोरा) के 31 विद्यार्थी और पारतोडा (आर्वी) जिला वर्धा के 6 विद्यार्थियों को रजिस्टर, नोटबुक, ड्राइंग बुक, पेन, पेंसिल, रबर, शार्पनर, लंच बॉक्स और पानी की बोतलें प्रदान की गईं।

इस अवसर पर मांडला जिला परिषद स्कूल की प्रधानाध्यापिका जयश्री तायडे, शिक्षिका सुचिता ढोले, स्कूल समिति की अध्यक्षा रंजना निम्बेकर, ग्राम पंचायत मांडला के सरपंच रविंद्र दुर्वे, ग्राम पंचायत जलगांव (बेलोरा) के सरपंच राजेंद्र ए. पाचोड़े, ग्राम पंचायत सदस्य राजू परतेती, प्रमोद परतेती, राजेंद्र भोंगे, मंदा कंगाले तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कंपनी प्रतिनिधि सोमेश्वर साटोने ने बताया कि इस सत्र में आर्वी, कारंजा और आष्टी के जिला परिषद स्कूलों में लगभग 1500 विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी की यह पहल ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की पढ़ाई में सहायक साबित होगी।

कार्यक्रम का नेतृत्व आर.एस. पैठणकर के मार्गदर्शन में किया गया। उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों ने सीडीईटी इंडस्ट्रीज के इस सामाजिक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय ऑनलाइन वक्तृत्व प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

**वर्धा.**



रोप फाउंडेशन, वर्धा जिले द्वारा कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन वक्तृत्व प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से लगभग 70 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में जनता हाई स्कूल देवली की कक्षा 7वीं की छात्रा कु. कल्याणी डंबारे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और जिले का गौरव बढ़ाया। द्वितीय स्थान सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा राजेश्वरी वानखेड़े को मिला। वहीं, सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल के सार्थक होले ने तृतीय स्थान और जनता हाई स्कूल देवली की चैताली रोकड़े ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। विजेताओं को सम्मानित करने के लिए विद्यालय स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनता हाई स्कूल देवली में विजेता छात्राओं कल्याणी डंबारे और चैताली रोकड़े को उप-प्राचार्य सुरेंद्र उमाटे, शिक्षकों और युवाओं की उपस्थिति में प्रमाणपत्र एवं पदक प्रदान किए गए। वहीं, सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल देवली में डॉ. चोरे मैडम और प्रधानाचार्य वैद्य मैडम की उपस्थिति में राजेश्वरी वानखेड़े और सार्थक होले को पुरस्कार वितरित किए गए। इस प्रतियोगिता का संपूर्ण आयोजन रोप फाउंडेशन वर्धा जिला द्वारा किया गया। प्रतियोगिता की सफलता में जिला अध्यक्ष कौस्तुभ पाचड़े, देवली तालुका अध्यक्ष ओम रोकड़े, आर्वी तालुका अध्यक्ष ऋषिकेश परनकर, रोहन खडसे, ज्ञानदीप पवार, प्रज्वल भेदुरकर, वेदांत कोम्बे, रोहित वासु और देवा धोटे का विशेष योगदान रहा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को वक्तृत्व कला और आत्मविश्वास बढ़ाने का मंच प्रदान किया।

# विदर्भ के प्रगतिशील किसान दिनेश ठाकरे को मिलेगा 'छत्रपति महाराष्ट्र उद्योजक सम्मान'

## > पुणे में 13 सितम्बर को केंद्रीय राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोळ करेंगे सम्मानित

**काटोल.**

विदर्भ के किसानों को चंदन की खेती की दिशा में प्रेरित करने वाले और कृषि क्षेत्र में निरंतर नवाचार कर किसानों की आय एवं जीवनस्तर सुधारने वाले प्रगतिशील किसान कृषिमित्र दिनेश शेषराव ठाकरे को इस वर्ष के 'छत्रपती महाराष्ट्र उद्योजक सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें आगामी 13 सितम्बर 2025 को पुणे में केंद्रीय नागरी उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोळ के हाथों प्रदान किया जाएगा।



काटोल तहसील के मूल निवासी दिनेश ठाकरे को किसान समुदाय प्यार से 'चंदनश्री' के नाम से जानता है। परंपरागत खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से उन्होंने चंदन की खेती को एक नए विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। ठाकरे ने स्वयं चंदन की नर्सरी विकसित कर हजारों पौधे किसानों को उपलब्ध कराए। उनकी पहल से आज विदर्भ के सैकड़ों किसान चंदन की खेती अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। एक प्रगतिशील किसान के रूप में ठाकरे ने खेती को उद्योग का रूप देने के लिए कई प्रयोग किए। उन्होंने काटोल क्षेत्र में अनेक कृषि कार्यशालाएँ आयोजित कीं, जिनमें देशभर के नामचीन कृषि विशेषज्ञों ने भाग लेकर किसानों को आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी। इससे किसानों के उत्पादन और आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इसके साथ ही, दिनेश ठाकरे ने कृषि उत्पन्न बाजार समिति के संचालक के रूप में भी किसानों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया और उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए महत्वपूर्ण पहलें कीं।


इस सम्मान की घोषणा के बाद काटोल सहित पूरे विदर्भ क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। किसानों और नागरिकों ने दिनेश ठाकरे को बधाई देते हुए कहा कि,

"यह पुरस्कार केवल दिनेश ठाकरे का नहीं, बल्कि पूरे विदर्भ के प्रगतिशील किसानों के गौरव का प्रतीक है।"

## निधन

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### श्रीमती कमल मोदी



**आर्वी.** कमल वसंतराव मोदी इनका सोमवार को 68 की उम्र में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय शमशानभुमी में किया गया। उनके पश्चात परिवार में दो पुत्रियाँ रंजना राजेश जलगाँवकर, मंजूषा संतोष रामगिरवार और पति वसंतराव मोदी, पुत्र ओम वसंतराव मोदी, प्रवीण वसंतराव मोदी, दो बहुएँ और छह पोते-पोतियाँ हैं.

# 'नहीं चलेगी-नहीं चलेगी, तानाशाही नहीं चलेगी!'

## > महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ का जिला कचहरी के प्रवेशद्वार पर आंदोलन
## > पत्रकार मिरगणे पर हमला करने वाले एपीआई नाइक को निलंबित करने की मांग

**अमरावती.**




पत्रकार विकास मिरगणे पर हमला करने वाले एपीआई शांताराम नाइक को निलंबित करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ के विदर्भ अध्यक्ष नयन मोंढे के नेतृत्व में सोमवार (ता. ८) को जिला कचेरी के प्रवेशद्वार पर आंदोलन किया गया। अपनी मांगों का निवेदन निवासी उपजिलाधिकारी अनिल भटकर के माध्यम से मुख्यमंत्री फडणवीस को भेजा गया। इस दौरान "नहीं चलेगी नहीं चलेगी तानाशाही नहीं चलेगी, एपीआई शांताराम नाइक की दादागिरी का निषेध हो, पत्रकार मिरगणे को न्याय मिलना ही चाहिए, एपीआई शांताराम नाइक को निलंबित किया ही जाना चाहिए, पत्रकार एकजुटता की विजय हो, हम सब एक हैं" जैसे नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। एक समाचार चैनल के पत्रकार विकास मिरगणे पर गिरगांव चौपाटी में शनिवार को एपीआई शांताराम नाइक द्वारा किए गए हमले की महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संगठन ने कड़े शब्दों में निंदा की। विकास मिरगणे अपने कैमरे के साथ वाहन के पास खड़े थे, उसी समय उनका चालक थोड़ी देर के लिए गाड़ी से दूर चला गया था। इसी बीच पुलिस निरीक्षक शांताराम नाइक ने उनसे विवाद किया। जब उन्हें संयम बरतने की विनती की गई, तो उन्होंने गुस्से में आकर पत्रकार मिरगणे को थप्पड़ जड़ दिया। पार्किंग की छोटी-सी बात पर रिपोर्टिंग कर रहे पत्रकार को धमकाना और मारना यह बेहद शर्मनाक है, ऐसा महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ ने निवेदन में कहा है।

पत्रकार अपना कर्तव्य निभा रहे हों, उस समय एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी द्वारा ऐसा दुव्यवहार करना गलत है। संबंधित एपीआई शांताराम नाइक को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, पत्रकार संरक्षण कानून लागू किया जाए और पत्रकारों को सुरक्षा दी जाए — इन मांगों के साथ अन्य मुद्दों का निवेदन मुख्यमंत्री को भेजा गया। आंदोलन में महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ, मुंबई के विदर्भ प्रदेशाध्यक्ष नयन मोंढे, जिलाध्यक्ष प्रवीण शेगोकार, शहराध्यक्ष विक्रम ढोके, शहर सचिव संजय तायडे, डिजिटल आघाड़ी जिलासचिव मनीष गुडदे, विजय गायकवाड़, वरिष्ठ पत्रकार अशोक भाई जोशी, नितीन राऊत, सुरेंद्र आकोडे, सुरज दहाट, संजय शेंडे, नितीन मुले, राजेश्वर घोरमाले, धनराज खर्चान, पुंडलिक देशमुख, गजानन खोपे, सोमेश्वर जेवढे, सहजाद अब्दुल, नकुल नाइक, विनोद इंगले, सईद खान, गजानन मेश्राम, गजानन जीरापुरे, पी. एन. देशमुख, मोहम्मद सादिक, राजाभाऊ वानखड़े, मोहोड समेत बड़ी संख्या में पत्रकार आंदोलन में शामिल हुए।

# दहेगांव गोवारी कोयला ब्लॉक परियोजना की लोक सुनवाई सफल

## > रोजगार और पर्यावरण सुरक्षा दोनों पर जोर




**नागपुर.**

नागपुर जिले के वलानी क्षेत्र में प्रस्तावित दहेगांव गोवारी कोयला ब्लॉक भूमिगत खनन परियोजना के लिए आयोजित पर्यावरणीय लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस लोक सुनवाई की अध्यक्षता निवासी उप जिलाधिकारी अनुप खांडे ने की, जिसमें महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल की प्रादेशिक अधिकारी हेमा देशपांडे, उप-क्षेत्रीय अधिकारी धनश्री पाटील तथा अन्य अधिकारीगण भी मौजूद थे। कुल 1,562 हेक्टेयर क्षेत्र में से महज़ 24.05 हेक्टेयर खनन संचालन और हरित पट्टिका विकास के लिए उपयोग किया जाएगा। भूमिगत खनन होने के कारण न तो पुनर्वास की आवश्यकता होगी और न ही सतह पर किसी प्रकार का धसाव होगा। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च, धनबाद के अध्ययन अनुसार परियोजना का पर्यावरणीय प्रभाव न्यूनतम रहेगा। यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी। अनुमानित रूप से 700 प्रत्यक्ष और 1,600 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे स्थानीय लोगों को आजीविका के अवसर प्राप्त होंगे। निर्माण काल में ट्रैक्टर, खुदाई यंत्र और अन्य वाहन सेवाओं के माध्यम से भी रोजगार सृजित होंगे।

परियोजना की उत्पादन क्षमता 1.0 मिलियन टन प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। खनन क्षेत्र में कुल 189.74 मिलियन टन भू-वैज्ञानिक भंडार हैं, जिनमें से 79.537 मिलियन टन खनन योग्य और 46.19 मिलियन टन निष्कर्षण योग्य हैं। खनन की न्यूनतम गहराई 100 मीटर और अधिकतम गहराई 590 मीटर निर्धारित की गई है। परियोजना का जीवनकाल 50 वर्ष होगा, जिसमें निर्माण काल भी शामिल है। खनन योजना को 24 सितंबर, 2024 को स्वीकृति मिली थी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 11 अप्रैल, 2025 को टीओआर पत्र जारी किया गया और 16 मई, 2025 को महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा गठित पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास की दिशा में मजबूत कदम

पर्यावरण संरक्षण के तहत 5,000 पौधों की रोपाई का लक्ष्य रखा गया है। कदंब, निंब, शीशम, करंज, डुमेर, तमहान (जारुल), मौलसारी, जम्भुल और टेकोमा जैसी स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। पानी का पुनर्चक्रण भूमिगत खनन में उपयोग किया जाएगा और शेष पानी को प्राकृतिक जलाशयों में छोड़ने से पहले इसे साफ किया जाएगा, ताकि आसपास के ग्रामीण इसे कृषि कार्यों में इस्तेमाल कर सकें। शोर और धूल नियंत्रण, हरित पट्टिका विकास और वर्षा जल संचयन जैसी पर्यावरणीय उपायों को लागू किया जाएगा। सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण बुनियादी ढाचां, कौशल विकास और महिला स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए इंफ्रास्ट्रक्टर का विकास, विशेष शिक्षण सहायता, मोबाइल मेडिकल यूनिट और स्वास्थ्य शिविरों का संचालन, ग्रामीण सड़कों पर सौर स्ट्रीट लाइटिंग, जलाशयों और सामुदायिक सुविधाओं का विकास परियोजना के तहत किया जाएगा। दहेगांव गोवारी भूमिगत खनन परियोजना न सिर्फ रोजगार और स्थानीय विकास के अवसर बढ़ाएगी, बल्कि राज्य को कर और रॉयल्टी के माध्यम से आर्थिक लाभ भी प्रदान करेगी। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार और सामाजिक कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा।



# प्यारे खान ने शिक्षा पर दिया जोर

## > जमीअतुल कुरैश ने किया सम्मान

**कामठी.**

महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान का ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कुरैश नगर, भाजी मंडी, कामठी में भव्य स्वागत हुआ। जमीअतुल कुरैश संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उनका सम्मान किया गया, जहां उन्होंने शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन किया। यह कार्यक्रम मंगलवार को कामठी के कुरैशी समुदाय द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर समुदाय के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। प्यारे खान ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है और इसके माध्यम से ही समाज प्रगति कर सकता है।

उन्होंने सभी से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने का आग्रह किया, ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें। इस दौरान जमीअतुल कुरैश के पदाधिकारियों ने शॉल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर प्यारे खान का सम्मान किया। जमीअतुल कुरैश के सदस्यों में हाजी शेख फरीद कुरैशी, मकबूल पहलवान कुरैशी, शकील बाबू, हाजी वकील कुरैशी, गनी कुरैशी, तारिक अहमद कुरेशी, राजा मौलाना, जिया कुरैशी, फारूक कुरैशी, आरिफ मेंबर कुरैशी, शम्मू चौधरी, अरबाज अबरार कुरेशी, तनवीर कुरेशी, बबलू कुरैशी, कामठी जमीयतुल कुरैश संगठन कार्याध्यक्ष इरशाद अहमद कुरैशी आदि पदाधिकारियों व सदस्यों ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष को उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी उनका समर्थन जारी रखने का आश्वासन दिया।

# नाले का बांध फूटने से जलमग्न हुआ कांदली गांव

## > अनेक घरों में घुसा पानी, फसलों का हुआ नुकसान!

**दिग्रस.**

बेतहाशा बारिश से नाले का बांध फूटा और देखते ही देखते कांदली गांव जलमग्न हो गया. इस आपदा में अनेकों घरों और खेत की फसलों का बेतहाशा नुकसान हुआ है. दिग्रस तहसील के तहत आने वाले कांदली गांव में उक्त घटना 8 सितंबर रात 9 बजे के करीब घटित हुई. इस प्राकृतिक आपदा में गांव की झोपडपट्टी के अनेकों घरों सहित खेतों में पानी घुसने से बड़े पैमाने पर ग्रामीणों और किसानों का आर्थिक नुकसान हुआ है.

सूत्रों ने बताया कि, पानी का बहाव काफी तेज होने से क़ई लोग घरों में फंस गए उन्हें पानी से भरे घरों से निकालने में ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी. क़ई परिवार सदस्यों को रस्सी से बाहर निकाला गया. इस घटना से प्रभावित हुए क़ई परिवारों को गांव की जिला परिषद की स्कूलों में रात बितानी पड़ी. ऐसे में 9 सितंबर को राजस्व तथा पंचायत विभाग ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए तत्काल हरकत में आते हुए उनके खाने पीने का इंतेजाम किया और बाढ़ ग्रसित घरों का पंचनामा शुरु किया.



महसूल कर्मचारी तलाठी शिरसाठ व ग्राम पंचायत सचिव सरपंच सेवक सुधाकर राठोड व ग्रामपंचायत कर्मचारी तथा कोतवाल रामा तीवसकर और आसिफ खान आदि ने पंचनामा कर राजस्व विभाग को अहवाल सौंपा. इस दौरान शिवसेना शिंदे गुट के ज्ञानेश्वर चव्हाण, उद्धव बालासाहब गुट के रफिक दस्तगीर खान, देवसिंग चव्हाण, गणेश चव्हाण, इरफान खान, शफिक खान, अहमद खान, साहेब खान, सलमान खान, नामा मित्तक, दिलीप दामाजी मित्तक, देवानंद तुकाराम मेश्राम, अविनाश नागोराव देवकाते, अशोक ठाकरे, गोपाल सुखदेव वाघमारे, प्रफुल जाधव, हवसाजी घामेवाड, गोलू पेंडर, सुभाष अविनाश मित्तक, बालू दबडगाव तथा पत्रकार लुकमान खान आदि ने नागरिकों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किये.

# 'जाहिर-निषेध' पोस्ट से गरमाया दिग्रस का माहौल

## युवाओं से मिल रहा जबरदस्त समर्थन

## अजिंक्य मात्रे ने उठाए पुलिस कार्रवाई और सरकार की नीतियों पर सवाल

**दिग्रस.**

दिग्रस शहर में फिलहाल पूर्व उपनगराध्यक्ष तथा उबाठा गुट के युवा नेता अजिंक्य मात्रे की एक पोस्ट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गयी है. 'जाहिर-निषेध' इस शीर्षक वाली मात्रे की पोस्ट से सहमत युवा न सिर्फ इस पोस्ट को अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर रख रहे है बल्कि उस पोस्ट को जमकर फॉरवर्ड (प्रसारित) कर रहे है। इस पोस्ट में युवा नेता अजिंक्य मात्रे ने पुलिस प्रशासन सहित कथित हिंदुत्ववादी राज्य सरकार की नीतियों को आड़े हाथों लिया है. अजिंक्य मात्रे ने दिग्रस पुलिस द्वारा शहर के करीब 11 गणेश मंडलों पर मामले दर्ज किये जाने के संदर्भ में नोटिस जारी किये जाने की हरकत पर आपत्ति दर्ज की है. मात्रे के मुताबिक दिग्रस पुलिस प्रशासन ने स्थानीय गणपति मंदिर में रात 12:30 बजे गणेश विसर्जन के समापन कार्यक्रम में यह कहा कि, गणेश विसर्जन शांतिपूर्ण तरीके के संपन्न हुआ, और अगले ही दिन पुलिस विभाग ने शहर के 11 गणेश मंडलों पर मामले दर्ज कराने का आदेश जारी कर दिया. इसी तरह से मात्रे ने इस पोस्ट में कुछ सवाल खड़े किए हैं जैसे राजस्व (महसूल) विभाग को डीजे और लोक कला नृत्य के संदर्भ में किन लोगों की और कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है? वृद्धों और बालकों को जो कथित तकलीफ हुई उस संदर्भ में अगर शिकायतें प्राप्त हुई है तो फिर उन शिकायतों को सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा? हिंदुत्ववादी सरकार क्या सिर्फ चुनावों में फ़्लैश मारने के लिए बनी है? क्योंकि 11 मंडलों पर मामले दर्ज करने का आदेश जारी हुआ है इन मंडलों में क़ई विद्यार्थी और नौकरीपेशा युवा शामिल है. इस आशय की चिंता मात्रे ने अपने पोस्ट में व्यक्त की है. साथ ही अजिंक्य मात्रे ने पुलिस प्रशासन के शांति समिति के संदर्भ में नाराजगी जताते हुए कहा है क्या शांति समिति सभाओं का मतलब सभा ने शामिल हो कर सिर्फ हां-जी हां-जी करना रह गया है. अजिंक्य मात्रे के मुताबिक एक तरफ पुलिस खुद ही गणेश विसर्जन शांति के साथ संपन्न होने की बात कहती है और दूसरी तरफ गणेश मंडलों पर मामले दर्ज करने के आदेश दिये जाते है. फिर शांति सभाओं का सामाजिक सहयोग का भला क्या अर्थ रह जाता है? युवा नेता अजिंक्य मात्रे की उक्त पोस्ट पर दिग्रस में चर्चा का दौर छिड़ चुका है और युवा वर्ग द्वारा इस पोस्ट को भरसक समर्थन मिल रहा है.



# पड़ोसी से विवाद में युवक का सिर फोड़ा

**नागपुर.**

इमामवाड़ा थाना क्षेत्र में पिता से हुए विवाद के बाद बेटे ने पड़ोसी पर हमला कर दिया। घटना 7 सितंबर की दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, धर्मपाल वानखेडे अपनी मां के साथ चबूतरे पर बैठे थे। उसी दौरान बस्ती के अरविंद मेश्राम ने उन पर गंदा पानी फेंका। विरोध करने पर दोनों में विवाद हो गया। इसकी खबर पाकर अरविंद का बेटा स्वयंम मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए पत्थर से धर्मपाल के सिर पर वार कर दिया। हमले में धर्मपाल घायल हो गए। इमामवाड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# कार्यक्रमों को लेकर अमरावती भाजपा शहर (ज़िला) की बैठक

## 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिन की भव्य तैयारी पर चर्चा

**अमरावती, राजेश मालवीय**




भारतीय जनता पार्टी अमरावती शहर जिला की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नियोजन बैठक शहर कार्यालय, राजापेठ में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. नितीन धांडे ने की। इस अवसर पर जिला एवं मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, नगरसेवक एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को है। इस दिन से लेकर 2 अक्टूबर (महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती) तक भाजपा पूरे देशभर में "सेवा पखवाड़ा" मनाएगी। इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित पुस्तकों का वितरण, मैराथन, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार, दिव्यांगों का सम्मान और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। इस सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक मंगेश खोड़े तथा सह-संयोजक प्रवीण वैश व कौशिक अग्रवाल को बनाया गया है। साथ ही 15 सितंबर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से लेकर भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" भी चलाया जाएगा। इस अभियान के जिला संयोजक के रूप में ललित समदुरकर को जिम्मेदारी दी गई है। इसके तहत बूथ स्तर पर संवाद कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत रथयात्रा और स्वदेशी वस्तुओं का प्रचार किया जाएगा। इन दोनों अभियानों के लिए 15 सितंबर को परिणय बंध हॉल, नवाथे चौक में जिला स्तरीय विशाल बैठक व कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें भाजपा प्रदेश महासचिव व अकोला विधायक रणधीर सावरकर तथा भाजपा विदर्भ संगठन मंत्री डॉ. उपेंद्र कोठेकर मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रहेंगे। बैठक के मंच पर ज़िलाध्यक्ष डॉ. नितीन धांडे, प्रदेश सचिव जयंत डेहनकर, ज़िला सरचिटनीस ललित समदुरकर, बादल कुलकर्णी, चेतन पवार, पूर्व पक्ष नेता सुनील काले, पूर्व स्थायी समिति सभापति सचिन रासने, सेवा पखवाड़ा संयोजक मंगेश खोड़े, एड. प्रशांत देशपांडे, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा तिवारी आदि गणमान्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन शहर सरचिटनीस बादल कुलकर्णी ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी व प्रकोष्ठ प्रमुख समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। यह जानकारी भाजपा अमरावती शहर ज़िला सरचिटनीस बादल कुलकर्णी ने दी।

# गणेश विसर्जन में विवाद

## युवक की पिटाई से क्षेत्र में तनाव

**नागपुर.** कलमना थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में गणेश विसर्जन के दौरान विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद में एक युवक की डंडे से पिटाई कर दी गई। घायल युवक का नाम ललीत साहू (39) बताया गया है।

जानकारी के अनुसार, ललीत साहू बाजार चौक पर स्थानीय लोगों की मदद से हर साल सार्वजनिक गणेश की स्थापना करते हैं। उन्होंने इसी स्थल पर पेड़ भी लगाए थे। उसी स्थान पर डिप्टी सिग्नल निवासी नरेश हीरालाल केतकी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करता था। बताया जाता है कि नरेश वहां पेड़ काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम करना चाहता था। ललीत और उसके साथियों ने पेड़ काटने का विरोध किया।

इसी को लेकर 7 सितंबर को गणेश विसर्जन के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर नरेश ने ललीत पर डंडे से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद कलमना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस वारदात से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

# फेडरल बैंक की सीएसआर पहल

## शिक्षक दिवस पर वाटर कूलर और हेल्थ कैंप का आयोजन

**नागपुर.**

फेडरल बैंक की एक शाखा, गवर्नमेंट बिज़नेस डिपार्टमेंट ने होर्मिस मेमोरियल फाउंडेशन के माध्यम से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत गवर्नमेंट टेक्निकल कॉलेज में चार वाटर कूलर लगाए। इस पहल से कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों को स्वच्छ और ठंडे पेयजल की सुविधा मिली है और यह समाज कल्याण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस पहल की खास बात यह है कि इसका आयोजन शिक्षक दिवस के दिन किया गया। इस अवसर पर, फेडरल बैंक ने कॉलेज के सभी शिक्षकों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया और 70 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। यह शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का एक प्रयास था। यह पहल सार्वजनिक संस्थानों में सामाजिक उत्तरदायित्व, शिक्षा और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के प्रति फेडरल बैंक के समर्पण को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिनमें डॉ. मनोज डगवाने (संयुक्त निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, नागपुर), डॉ. राजेंद्र मोगरे (प्राचार्य, शासकीय तकनीकी महाविद्यालय, नागपुर), डॉ. विजय मानकर (उप-प्राचार्य, शासकीय तकनीकी महाविद्यालय, नागपुर), जोबिन जोसेफ (सहायक उपाध्यक्ष और क्षेत्र प्रमुख, फेडरल बैंक), नेहा पंडित (शाखा प्रमुख, फेडरल बैंक, सदर शाखा, नागपुर), राकेश गौलकर (मंडल प्रमुख, सरकारी व्यवसाय विभाग, फेडरल बैंक, नागपुर) और फेडरल बैंक की पूरी टीम उपस्थित थी। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया। कॉलेज प्रशासन ने फेडरल बैंक की इस सामाजिक पहल के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस तरह के सहयोग से शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे में सुधार होता है और सामाजिक जागरूकता, सहयोग और सामूहिक प्रगति का संदेश भी मिलता है।




# पूर्णा मध्यम परियोजना क्षेत्र में तेंदुए का मुक्त संचार!

## नागरिकों व पर्यटकों में दहशत का माहौल

**अमरावती, राजेश मालवीय**

चांदूर बाजार तहसील के पूर्णा मध्यम परियोजना, विश्रोली क्षेत्र में लगातार दो दिनों तक तेंदुए के दिखाई देने से परियोजना प्रशासन, कर्मचारी और पर्यटकों में दहशत का वातावरण फैल गया है। प्रशासन ने तत्काल महत्वपूर्ण सूचना जारी कर नागरिकों और पर्यटकों से सतर्क रहने की अपील की है। घटना दिनांक 08 सितंबर की रात 10:30 बजे, परियोजना के कंट्रोल रूम के पास स्थित पार्किंग क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी और सुरक्षा रक्षकों को अचानक तेंदुआ नजर आया। यह घटना चौंकाने वाली थी, लेकिन अगले ही दिन 09 सितंबर को दोपहर 12 बजे, दोबारा तेंदुआ कंट्रोल रूम के पिछले हिस्से में दिखाई दिया। खास बात यह है कि तेंदुए की यह गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में स्पष्ट रूप से कैद हो चुकी हैं, जिससे लोगों की चिंता और भी बढ़ गई है।



**प्रशासन की सतर्कता की अपील**

धरण प्रमुख तथा उपविभागीय अभियंता अ. सु. खवणे ने आधिकारिक पत्र जारी कर परियोजना क्षेत्र में जाने वालों के लिए स्पष्ट निर्देश दिये हैं – परियोजना क्षेत्र में कोई भी अकेले न जाए। पर्यटक और नागरिक सावधानीपूर्वक व समूह में ही घूमें। रात के समय या सुनसान जगहों पर जाने से बचें। लगातार दो बार तेंदुए के दिखाई देने की घटना परियोजना क्षेत्र के नागरिकों के लिए गंभीर साबित हो रही है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने तत्काल खोज अभियान चलाना चाहिए, ऐसी मांग स्थानीय नागरिकों द्वारा की जा रही है।


**पर्यटकों की सुरक्षा ही प्राथमिकता! :** पूर्णा परियोजना क्षेत्र पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है और यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। लेकिन तेंदुए की मौजूदगी से पर्यटन बाधित होने का खतरा व्यक्त किया जा रहा है। इसी कारण नागरिकों, पर्यटकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन और वन विभाग को तुरंत कदम उठाना आवश्यक हो गया है। लगातार दो दिनों तक तेंदुए के नजर आने से यह क्षेत्र अब खतरनाक जोन साबित हो रहा है और घटनाओं के बाद प्रशासन व नागरिकों की नजरें पूरी तरह वन विभाग की अगली कार्रवाई पर टिक गई हैं।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 266-4 | 234-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 250-7 | 159-5 |

# ओमनगर में नवरात्र महोत्सव की भव्य तैयारियां शुरू

**कामठी.**

तालुका स्थित रणाला में ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति इस वर्ष नवरात्र महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रही है। यह नौ दिवसीय महोत्सव कई सांस्कृतिक और खेल स्पर्धाओं के साथ शुरू होगा, जो क्षेत्र में उत्साह का माहौल पैदा करेगा। इस महोत्सव की शुरुआत सोमवार 22 सितंबर को घट स्थापना से होगी, जिसमें यजमान सौ.वीणा सौमित्र नंदी द्वारा पंडित आचार्य अजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे विधि-विधान से पूजा करेंगी। मंगलवार 30 सितंबर को सुबह 10 बजे हवन कार्यक्रम के साथ, शाम को 8 बजे पुरस्कार वितरण व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अंकिता कोविद तलेकर करेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले, सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, और नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष माया चवरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा, पंचायत समिति के पूर्व उपसभापति कमलाकर मोहोड़, पूर्व सरपंच देवराव आमधरे, पटवारी ऋषल सहजे, पुलिस पाटील विशाल लक्ष्मण आमधरे, तंटामुक्त अध्यक्ष बाल्या ठाकरे, आयरन बिजनेसमेन तारा वर्मा, भूतपूर्व सैनिक दिलीप जाधव, ओला शोरूम मैनेजर गौरव मधोक, जैसे कई गणमान्य व्यक्ति भी विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। नवमी के दिन, यानी बुधवार 1 अक्टूबर को कन्या पूजन का आयोजन किया गया है, जिसके बाद शाम आरती के बाद महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। गुरुवार 2 अक्टूबर को शाम 7 बजे रावण दहन का भी भव्य आयोजन होगा, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।महोत्सव का समापन शुक्रवार 3 अक्टूबर शाम में 7 बजे को होगा, डीजे साउंड के साथ जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस कन्हान नदी के महादेव घाट पर जाकर समाप्त होगा, जहां विधि-विधान के साथ घट विसर्जन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समुदाय को एक साथ लाने और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का भी एक शानदार अवसर है। नवरात्रि कार्यक्रम के सफलतार्थ समिति के अध्यक्ष कनवरसिंग पंघाल, उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, सहसचिव श्रावण केझरकर, देवेश ठाकरे, कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकान्त सिंधिया पाण्डेय सहित सदस्यों में नीलम राजकुमारसिंह बघेल, राजेश पिल्ले, प्रमोद बावणकुले, अशोक ठाकरे, दीपक निकोसे, रितेश दुबे, अशोक रावत, यशवंत आरेकर, ज्ञानेश्वर ससानकर, गुरुबक्षसिंग हुंजन, डॉ. संजय शेंद्रे, भारती मनोज ठाकरे, सरला अनिल आरोड़े, सोनाली बांछानिधि नंदी, अद्विता रमेश घोड़मारे, उर्मिला संजय बावनकुले, रागिनी कनकराज पिल्ले, दिव्या आकाश काटरपवार, गोपाल फूलबांधे, हेमराज पगाड़े, जितेंद्र चाना, अशोक मंथनवार, जीतू सोनेकर, राजेश नायडू, संतोष कोरडे, मनोहर बॉम्बोटे, अजय प्रकाश ठाकरे, शुभम अशोक ठाकरे, श्रेयस श्रीकांत खरे, शौर्य आकाश काटरपवार, आदि ओमनगर के श्रद्धालु प्रयास कर रहे हैं।




रनाला ग्राम पंचायत के
पूर्व सरपंच
श्री देवराव आमधरे
इनके
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
निकलता हुआ सूरज दुआ दे आपको,
खिलता हुआ फूल खुशबू दे आपको,
हम तो कुछ देने के काबिल नहीं,
खुदा हजार खुशियां दे आपको
तोषल आमधरे
सचिव,
महाराष्ट्र प्रदेश युवक कांग्रेस
महेश गिरी
विदर्भ अध्यक्ष - भटके विमुक्त हक्क परिषद महाराष्ट्र
कार्याध्यक्ष - गोस्वामी समाज महासभा नागपुर
राज्य सचिव - महाराष्ट्र राज्य खाजगी शिक्षक संघ
श्री कृष्णा इंटरप्राइजेस
M. : 7774099995 / 9890303104
हार्डवेर एंड बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर
रनाला, कलमना रोड, कामठी


तुळजाभवानी ट्रेडर्स
कलमना रोड, महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, रनाला चौक, कामठी
प्यार से भरी जिंदगी मिले आपको, खुशियों से भरे पल मिले आपको,
कभी किसी गम का सामना ना करना पड़े, ऐसा आने वाला कल मिले आपको!
संचालक
देवेश दिनेश ठाकरे
इनके
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां गिट्टी, ईटा, राखड, मुरूम आदि का सप्लाई किया जाता है।
M. : 7987262970 | 9175172712


तुम जीयो हजारों साल......
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर,
उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर
संकलन : सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, उपसंपादक, मो. 9604758944, 9881272088


तुमसे न खुशी कभी अलग जाए,
देख तुम्हारी खुशी गम दूर भाग जाए,
तुम्हारे जन्मदिन पर बस यही दुआ मांगते हैं,
कि हमारी उम्र भी तुम को लग जाए।
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद ईरशाद शेख
पूर्व महासचिव महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस


ये दिन बार-बार आए हर बार हम दिल से गाएं
तुम जियो हजारों साल हर दिन यूं हीं मुस्कुराएं।
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज लोणारे
पूर्व सभापति, नगर परिषद कामठी


पूरी हो दिल की हर ख्वाहिश आपकी, मिले खुशियों का जहां आपको,
अगर आप मांगें आसमां का एक तारा, तो खुदा दे दे सारा आसमान आपको।
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर आपको
जन्मदिन
की हार्दिक बधाई
भावना फलके
सरपंच
चंद्रकांत फलके
पूर्व उपसरपंच
भिलगांव ग्राम पंचायत


अनगिनत सपनों की सेज आपके लिए, अरमानों की बहारें आपके लिए,
जमीं पर तारे आपके लिए, आसमां की उड़ानें आपके लिए.
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर
आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
काशिनाथ प्रधान
पूर्व उपाध्यक्ष
नगर परिषद कामठी
प्रविण कुथे
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत घोरपड, कामठी
देवेंद्र येंडे
सरपंच
ग्राम पंचायत भौरी, कामठी


कोशिश करो ऐसी की हर सपना साकार हो,
ईश्वर करें की दुनियां में बस आपके ही नाम का शोर हो।
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर
आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
नीतेशकुमार यादव
अध्यक्ष
कांग्रेस सेवादल कामठी
रितेश मानसिंग यादव
अध्यक्ष
छावनी क्षेत्र कांग्रेस कमेटी


जिंदगी का हर पल सुख दे आपको, दिन का हर लम्हा खुशी दे आपको,
जहां गम की हवा छू के भी ना गुजरे, खुदा वो जिंदगी दे आपको.
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल पाटील
पूर्व सदस्य
इमरान नईम अंसारी
पूर्व सदस्य
सैय्यद गुफरान
समाजसेवक
येरखेडा ग्राम पंचायत, कामठी


हर राह हो आसान हर राह पर खुशियां मिलेहर दिन
हो खुबसूरत ऐसा ही पूरा जीवन मिले!!
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर,
उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर
आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
सरिता रंगारी
पूर्व सरपंच
अनुराग भोयर
युवा नेता
सुमेध रंगारी
पूर्व पंस सदस्य
सचिन भोयर
समाज सेवक
पुजा भोयर
पूर्व ग्रापं सदस्य
रोशनी भस्मे
पूर्व ग्रापं सदस्य
येरखेडा ग्राम पंचायत


दुआएं खुशियां मिलें आपको, खुदा से रहमत और प्यार मिले आपको,
आपके होठों पर बनी रहे हमेशा मुस्कान इतनी खुशिया मिले आपको
पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, नागपुर, उपाध्यक्ष, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मा. श्री सुरेशभाऊ भोयर आपको जन्मदिन
की हार्दिक शुभकामनाएं
इरशाद अहमद कुरैशी
कार्याध्यक्ष
फारूक कुरैशी
उपाध्यक्ष
आरिफ कुरैशी
उपाध्यक्ष
जमिअतुल कुरैश संगठन कामठी